PUBLICATION	EDITION	DATE
Himachal Dastak	Chandigarh	08/04/2017

कामधेनु ने उतारा इंटरलॉक स्टील

भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा में मजबूत सुरक्षा का वादा

हिमाचल दस्तक। चंडीगढ़

निर्माण के लिए इस्पात के आधुनिकीकरण की दिशा में कार्य करते हुए कामधेनु लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता वाले इंटरलॉक रीबार कामधेनु नेक्स्ट को बाज़ार में पेश किया। बेजोड़ मज़बूती, बेहतर क्षमता वाला कामधेनु (कामधेनु नेक्स्ट) डबल रिब सरिये की उन्नत किस्म है, जिसे कंपनी ने काफी आरएंडडी के बाद बाज़ार में उतारा है।

कंक्रीट को अन्य सरिये के मुकाबले अढ़ाई गुना ज्यादा इंटरलॉक पकड़ देने वाला कामधेनु नेक्स्ट सभी मानकों पर खरा है। नई पिढ़ी का इंटरलॉक स्टील कहा जाने वाला कामधेनु नेक्स्ट भूकंप में भी बेहतरीन सुरक्षा प्रदान करता है। गगनचुंबी इमारतें आज के समय की जरूरत बनती जा रही है और इन इमारतों को सुरक्षा प्रदान करने में टीएमटी सरिया की भूमिका अहम होती है, जितनी बेहतर इंटरलॉकिंग होगी इमारत उतनी ही टिकाऊ होगी।

कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा कि हम अपने इस्पात उत्पादों के निर्माण के लिए नई तकनीक और अनुसंधान पर जोर देते हैं, ताकि उन्नत और बेहतर उत्पाद को हम बाजार में पेश कर सके। कामधेनु नेक्स्ट को भी हमने काफी आए एंड डी के बाद विकसित किया है जो मानकों से भी बेहतर इस्पात उत्पाद है। क्षमता के अनुसार यह अगली पीढ़ी का नया टीएमटी सरिया है। कामधेनु लिमिटेड, कामधेनु समूह की अग्रणी कंपनी है, जो भवन निर्माण से संबंधित विभिन्न उत्पादों जैसे इस्पात, पेंट्स, प्लाइवुड आदि के विनिर्माण, विपणन, ब्रांडिंग और वितरण में संलग्न है। आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित और बीएसई तथा एनएसई पर सूचीबद्ध इस कंपनी ने वित्त वर्ष 2015-16 में 885 करोड़ रुपये का बिक्री कारोबार किया।